

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सुसुआ नदी किनारे शव मिलने से सनसनी

**संवाददाता** देहरादून। थाना नेहरू कॉलोनी के अंतर्गत डोईवाला के दुधली, खड्डा पानी में सुसुआ नदी के किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र शराबियों का अड्डा बन चुका है और आये दिन आपराधिक घटनाओं में इजाफा हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब से क्षेत्र में शराब का ठेका खुला है तब से असामाजिक तत्वों का बोलबाला बढ़ गया है।

### हलाल मीट का टेंडर निकालने पर वेल्हम बॉयज स्कूल के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**संवाददाता** देहरादून।। स्कूल में मीट सप्लाई के लिए हलाल वाले मीट का टेंडर निकालने वाले वेल्हम बॉयज स्कूल पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दिया है। स्कूल प्रशासन ने अभी तक मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बजरंग दल ने स्कूल के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की थी।

बजरंग दल की ओर से देहरादून के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान वेल्हम बॉयज स्कूल में निकले हलाल मीट सप्लाई के टेंडर को लेकर जमकर प्रदर्शन किया गया था। बजरंग दल ने आरोप लगाया था कि देहरादून में तमाम मिशनरी स्कूल एक विशेष धर्म को स्कूलों में बढ़ावा दे रहे हैं।

### लायंस क्लब ने मैक्स हॉस्पिटल के कोविड योद्धाओं को किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। इस चुनौतीपूर्ण महामारी के समय में चिकित्सा कर्मियों ने रोगियों की सेवा में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उनके द्वारा किए गए अथक प्रयासों की सराहना करने के लिए, लायंस क्लब, शिवालिक ग्रीन देहरादून चैप्टर ने इस तरह के समर्पण के साथ सभी आपात स्थितियों और चिकित्सा मामले के इलाज में अग्रणी योद्धा होने के लिए डॉक्टर्स डे पर डॉक्टरों को सम्मानित किया, जो यहां तक कि अपने रोगियों को बचाने के लिए अपना जीवन भी कुर्बान कर रहे हैं।

### वृक्षमित्र ने वैक्सीन लगाने के लिए लोगों से की अपील

**संवाददाता** देहरादून। वैश्विक महामारी कोरोना से जहां पूरे दुनियां का जीवन असुरक्षित हुआ है वही भारत भी इससे अछूता नही है ऐसे संकट की घड़ी में जीवन को सुरक्षित बनाने के लिए भारत के वैज्ञानिकों ने वैक्सीन बनाई है जो हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता हैं। जीवन को इस कोरोना बीमारी से बचाने के लिए सभी का दायित्व है वे वैक्सीन लगाये।

# झमाझम बारिश से मिली गर्मी से परेशान लोगों को राहत

**राहत**

■ उत्तराखंड के देहरादून, हरिद्वार समेत कई इलाकों में बारिश

**संवाददाता**

देहरादून। राज्य में मैदान से लेकर पहाड़ तक अगले 24 घंटे आमजन के लिए भारी पड़ने वाले हैं। कारण कि मौसम विज्ञानियों ने जहां अगले 24 घंटे में राजधानी देहरादून के अलावा पौड़ी और नैनीताल जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका जताई गई है। वहीं मौसम विभाग के अलर्ट के बीच शुक्रवार को दोपहर बाद देहरादून में झमाझम बारिश हुई। जिससे कई दिन से गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली।

वहीं टिहरी, चंपावत और पिथौरागढ़ जैसे जिलों में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक राज्य के इन जिलों के अलावा अन्य जिलों में तेज गर्जना के साथ बौछारें पड़ने और आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है। भारी बारिश की संभावनाओं को देखते हुए मौसम विभाग की ओर से शुक्रवार के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। ऐसे में भारी बारिश वाले जिलों में संबंधित जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से थोड़ा एहतियात बरतने की जरूरत है।



**बदरीनाथ हाईवे मलबा आने से बंद:** वहीं शुक्रवार की सुबह मलबा आने से बदरीनाथ हाईवे बाधित हो गया था। हाईवे पर श्रीनगर से करीब सात किमी दूर चमधार में मलबा आने से मार्ग बंद हो गया था, जिसे सुबह साढ़े दस बजे खोल दिया गया।

**मैदानी क्षेत्रों में तेज रफ्तार से चलेंगी हवाएं:** मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों में राज्य के मैदानी क्षेत्रों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं. अगले 24 घंटे के लिए प्रदेश के नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जैसे जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना जताई गई है. कुछ इलाकों में तेज गर्जना के साथ बौछारें पड़ने और आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है।

गौरतलब है कि उत्तर भारत के अधिकतर क्षेत्रों में गुरुवार को लोगों को 'लू' के कहर का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी के कारण कई राज्यों में बिजली की मांग भी बढ़ गयी है। वहीं, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अगले दो दिन तक 'लू' की स्थिति बनी रहने की संभावना है। इन स्थानों पर चिलचिलाती गर्मी से फिलहाल कोई राहत नहीं मिलने वाली है। मॉनसून की आहट के बीच राजस्थान में जून महीने में औसत बारिश भले ही सामान्य से अधिक रही हो लेकिन राज्य के अनेक जिले इससे वंचित रहे। राज्य के कुल 33 में से 19 जिलों में इस दौरान बारिश सामान्य से कम रही।

### भाजपा सरकार राज्य आंदोलनकारियों को छलना बंद करें: आप

देहरादून। आम आदमी पार्टी ने मसूरी शहीद स्मारक स्थल में उत्तराखंड राज्य के शहीदों व राज्य आंदोलनकारियों को उनके अधिकार व न्याय दिलाने के लिये भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता नवीन पिरशाली ने कहा कि हमारे शहीदों और आंदोलनकारियों का बलिदान अविस्मरणीय है। भाजपा ने लगातार हमारे शहीदों व आंदोलनकारियों के साथ लगातार छल किया है। आंदोलनकारियों को सरकारी सेवाओं में दिये जा रहे आरक्षण का जो मामला वर्ष 2011 से उत्तराखंड उच्च न्यायालय में चल रहा था, भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता और लचर पैरवी के कारण उच्च न्यायालय ने मार्च 2018 में उस आरक्षण को निरस्त कर दिया। पिरशाली ने कहा कि उत्तराखंड सरकार को इस आदेश को निष्प्रभावी करने के लिए विधानसभा में कानून बनाना चाहिए था लेकिन सरकार ने ऐसा न करके आंदोलनकारियों के हक पर बड़ी चोट की है।

# कांग्रेसियों ने जल संस्थान के अधिकारियों का घेराव

**मांग**

■ पेयजल समस्या एवं सीवर लाइन समस्या के निराकरण की मांग

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ0 आर.पी. रतूडी, प्रभुलाल बहुगुणा तथा महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष कमलेश रमन के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जल भवन में संस्थान के अधिकारियों का घेराव करते हुए देहरादून शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल समस्या एवं सीवर लाइन समस्या के निराकरण की मांग की।



प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

जल संस्थान के अधिकारियों पर जनहित के मद्दों पर हीला हवाली का आरोप लगाते हुए कहा कि जहां एक ओर देहरादून शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है वहीं शहर में स्मार्ट सिटी के नाम पर हुए निर्माण कार्यों के कारण जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि संस्थान के अधिकारी कान में तेल डाल कर सो रहे हैं। उन्होने कहा कि घेराव के माध्यम से हमने इन अधिकारियों को जगाने का काम किया है।

कांग्रेस प्रवक्ता डॉ0 रतूडी ने कहा कि जनता को बढती गरमी में पेयजल किल्लत का सामना करना पड रहा है तथा आने वाले दिनों में भारी बरसात होने की संभावना जताई जा रही है जिससे शहर की बिगडी सीवर व्यवस्था जनता के लिए परेशानी का सबब बनने जा रही है। उन्होंने देहरादून शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था एवं सीवर व्यवस्था शीघ्र दुरूस्त करने की मांग की।

घेराव करने वालों में कांग्रेस प्रवक्ता डॉ0 आर.पी. रतूडी, प्रभुलाल बहुगुणा, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष कमलेश रमन के अलावा पार्षद अमित भण्डारी, इलियास अंसारी, महेन्द्र रावत आदि कांग्रेसजन शामिल थे।

### कर्मचारी संघ ने हाईकोर्ट से स्टे खारिज करने की अपील की

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक जैन धर्मशाला, दून में अयोजित की गई जिसमें सभी ने हाई कोर्ट से स्टे खारिज करने हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया। उत्तराखंड आंगनवाड़ी कार्यकर्तात्रियों द्वारा सुपरवाइजर के पदों पर पदोन्नति संबंधी वाद उच्च न्यालय में दायर किया गया है जिसका आज तक निर्णयरार्थ प्रतिक्षित है लेकिन आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां अधिवर्षता की आयु पूर्ण करने के करीब हैं जो कि पदोन्नति हेतु पूर्ण अहर्ता रखती है। अतः कर्मचारियों की अधिवर्षता की आयु को ध्यान में रखते हुए मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय से अनुरोध है कि इस प्रकरण पर अतिशीघ्र सुनवाई किये जाने की कार्यवाही करने की कृपा करें ताकि वर्षो से सेवा कर रही आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की सेवनिवृति से पूर्व पदोन्नति का लाभ मिल सकेगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+


Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।